छत्तीसगढ़ विधानसभा सचिवालय

जीरो पाईंट, विधान नगर, रायपुर-492005

क्रमांक 6340/छगविस/स्था./2020 रायपुर, दिनांक 04.05.2020

प्रतिवेदक के पद पर सीधी भर्ती से नियुक्ति हेतु विज्ञापन

छत्तीसगढ़ विधानसभा सचिवालय के अधीन प्रतिवेदक के रिक्त पद पर सीधी भर्ती हेतु भारतीय नागरिक पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन पर छत्तीसगढ़ विधानसभा सचिवालय की वेबसाईट www.cgvidhansabha.gov.in पर आमंत्रित किये जाते हैं।

परीक्षा शुल्क - अनारक्षित वर्ग - 350/-, अन्य पिछड़ा वर्ग 250/-, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/निःशक्तजन - 200/-

ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि - 05.05.2020

ऑनलाईन आवेदन पत्र भरकर ऑनलाईन परीक्षा शुल्क भरने की अंतिम तिथि - 30.05.2020

रिक्त पदों का विवरण निम्नानुसार है :

क्र.	पद का नाम	कुल रिक्तियों की वर्गवार संख्या				कुल रिक्तियों की वर्गवार संख्या में से केवल छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासी महिलाओं के लिए आरक्षित पद				कुल रिक्तियों में से निःशक्त जनों के लिए आरक्षित पद	योग	वेतनमान (वेतन मेट्रिक्स/लेवल)
		अना.	अ.जा.	अ.ज.जा.	अ.पि.व.	अना.	अ.जा.	अ.ज.जा.	अ.पि.व.			
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13
1.	प्रतिवेदक	04	-	04	-	01	-	01	-	-	08	56100-177500 लेवल 12

शैक्षणिक योग्यता :

1. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक तथा 2. शासन द्वारा मान्यता प्राप्त मंडल/संस्था तथा शीघ्रलेखन मुद्रलेखन परीक्षा परिषद से हिन्दी शीघ्रलेखन परीक्षा उत्तीर्ण प्रमाण पत्र एवं हिन्दी शीघ्रलेखन में 140 शब्द प्रतिमिनट की न्यूनतम गति होना अनिवार्य होगा।

आयु सीमा :

अभ्यर्थी की आयु सीमा दिनांक 01.01.2020 को 21 वर्ष से कम तथा 40 वर्ष से अधिक न हो, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा घोषित अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/महिला तथा अन्य पात्र अभ्यर्थियों को शासन के नियमानुसार आयु सीमा में छूट दी जावेगी।

नोट : 1. विज्ञापित पदों की संख्या परिवर्तनीय है या संख्या सचिवालय की आवश्यकता अनुसार घटाई/बढ़ाई जा सकती है। 2. विज्ञापन में उल्लेखित रिक्त पद का प्रवर्गवार आरक्षण माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा याचिका क्रमांक रिट पिटीशन-सी क्रमांक 591/2012, 592/2012, 593/2012 एवं 594/2012 में पारित होने वाले अंतिम आदेश/निर्णय के अध्यधीन होगा, विस्तृत विज्ञापन पाठ्यक्रम, ऑनलाईन आवेदन एवं शुल्क भुगतान की विधि तथा अन्य जानकारी सचिवालय की वेबसाईट www.cgvidhansabha.gov.in पर देखी जा सकती है। 3. पंजीकृत डाक एवं स्पीड पोस्ट से भेजे जाने वाले आवेदन पत्र मान्य नहीं किये जायेंगे।

प्रमुख सचिव

छत्तीसगढ़ विधानसभा सचिवालय